इस प्रश्न–पत्र में **30** प्रश्न [खण्ड 'क' (20) + खण्ड 'ख' (5) + खण्ड 'ग' (5)] तथा **8 मुद्रित पृष्ठ** हैं।

**Roll No.**
अनुक्रमांक

**Code No.**
कोड नं. **52/ASS/4**

**SET/सेट** **A**

# HINDI
## हिन्दी
## (301)

Day and Date of Examination :
(परीक्षा का दिन व दिनांक) ____________________

Signature of Invigilators :
(निरीक्षकों के हस्ताक्षर) **1.** ____________________

**2.** ____________________

**सामान्य अनुदेश :**

**1** परीक्षार्थी प्रश्न–पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें ।

**2** कृपया प्रश्न–पत्र को जाँच लें कि पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है । इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं ।

**3** उत्तर–पुस्तिका में पहचान–चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा ।

**4** अपनी उत्तर–पुस्तिका पर प्रश्न–पत्र की कोड संख्या **52/ASS/4,** सेट–**A** लिखें ।

# HINDI

# हिन्दी

# (301)

समय : 3 घण्टे | पूर्णांक : 100

निर्देश :

**(i)** इस प्रश्न–पत्र में **तीन** खण्ड हैं – खण्ड 'क', खण्ड 'ख' और खण्ड 'ग'।

**(ii)** खण्ड 'क' के **सभी** प्रश्नों को हल करना है।

**(iii)** खण्ड 'ख' और खण्ड 'ग' में से **केवल एक खण्ड** के प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

**(iv)** खण्ड 'क' **85** अंकों का और खण्ड 'ख' **अथवा** खण्ड 'ग' **15** अंकों का है।

## खण्ड – 'क'

1 (क) निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 4

स्वातंत्र्य जाति की लगन, काफी की धुन है,
बाहरी वस्तु यह नहीं, भीतरी गुण है।
नत हुए बिना जो अशति–घाट सहती है,
स्वाधीन जगत में वही जाति रहती है।
वीरत्व छोड़ पर का मत–चरण गहो रे !
जो पड़े आन, खुद ही सब आग सहो रे !

**अथवा**

नरहरि ! चंचल है मति मोरी,
कैसे भगति करुँ मैं तोरी,
तूँ मोंहि देखै, हौं तोहि देखूँ प्रीति परस्पर होई।
तू मोंहि देखै तोहि न देखूँ यह मति बुद्धि खोई,
सब घट अंतर रमति निरंतर, मैं देखन नहिं जाना,
गुन सब तोर, मोर सब अवगुन, कृत उपकार न माना॥

(ख) निम्नलिखित काव्य–पंक्तियों का काव्य–सौंदर्य स्पष्ट कीजिए : 2

कनक–कनक तैं सौगुनी, मादकता अधिकाय।
वा खाएँ बौरात है, या पाएँ बौराय॥

2 निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **35-35** शब्दों में दीजिए : **2+2=4**

(क) 'वह तोड़ती पत्थर' कविता के माध्यम से निराला ने क्या प्रतिपादित करना चाहा है ?

(ख) 'फाग' कविता के आधार पर गोपी की विवशता पर टिप्पणी कीजिए।

(ग) रहीम के संकलित दोहा / बरवै के आधार पर तत्कालीन गृहस्थ–जीवन का एक चित्र अपने शब्दों में चित्रित कीजिए।

3 (क) निम्नलिखित काव्य–पंक्तियाँ किस छंद में लिखि गई हैं ? **1**

नैना अंतरि आव तूँ, ज्यूँ हौं नैन झँपे उँ।
ना हौं देखौं और कूँ, ना तुझ देखन देउँ॥

(ख) निम्नलिखित काव्य–पंक्ति में निहित अलंकारों के नाम लिखिए : **1**

नीरज नयन नेह जल बाढ़े।

4 मुक्ति बोध की 'मुझे कदम–कदम' पर कविता। **2**

**अथवा**

निराला की 'मौन' कविता का केंद्रीय भाव स्पष्ट कीजिए।

5 सगुण और निर्गुण भक्ति में अंतर के **दो** बिंदुओं को स्पष्ट कीजिए। **2**

6 निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **4**

यह अधिकार सिर्फ सबल के हिस्से में आता है। निर्बल के लिए तो कर्तव्य और सिर्फ़ दायित्व ही आते हैं। इसीलिए मैंने आज अपना सारा बल समेट लिया है। शेष जो बच गया है, उसे भी बटोर लेना चाहती हूँ, क्योंकि मैं अपना वजूद सुरक्षित चाहती हूँ। मैं जीना चाहती हूँ क्योंकि सृष्टि के इस अजस्र प्रवाह में मेरा भी कहीं कोई अंश है, मेरी भी अपनी कोई भागीदारी है। मैं आज इस सृष्टि से अपना हिस्सा अपना जीने का अधिकार चाहती हूँ।

**अथवा**

क्रोध दुख के चेतन कारण के साक्षात्कार या अनुमान से उत्पन्न होता है। साक्षात्कार के समय दुख और उसके कारण के संबंध का परिज्ञान आवश्यक है। तीन–चार महीने के बच्चे को कोई हाथ उठाकर मार दे, तो उसने हाथ उठाते तो देखा है पर अपनी पीड़ा और उस हाथ उठाने से क्या संबंध है, यह वह नहीं जानता अतः वह केवल रोकर अपना दुख मात्र प्रकट कर देता है। दुख के कारण की स्पष्ट धारणा के बिना क्रोध का उदय नहीं होता।

7 पठित पाठ के आधार पर राजेंद्र यादव **अथवा** कन्हैयालाल मिश्र 'प्रभाकर' की भाषा–शैली की **दो** विशेषताएँ लिखिए। 2

8 निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **50-50** शब्दों में लिखिए : 3+3=6

(क) कन्याकुमारी के प्राकृतिक सौंदर्य का चित्रण पठित पाठ के आधार पर कीजिए।

(ख) 'दो कलाकार' कहानी के आधार पर चित्रा के स्वभाव की **तीन** विशेषताएँ लिखिए।

(ग) 'पीढ़ियाँ और गिट्टियाँ' व्यंग्य के आधार पर वृद्धों की समस्याओं पर प्रकाश डालिए।

9 (क) 'विराटा की पद्मिनी' उपन्यास के आधार पर कुमुद के व्यक्तित्व की **तीन** प्रमुख विशेषताओं का सोदाहरण उल्लेख कीजिए। 3

(ख) 'विराटा की पद्मिनी' उपन्यास की भाषा की **तीन** विशेषताओं पर सोदाहरण प्रकाश डालिए। 3

**अथवा**

'विराटा की पद्मिनी' उपन्यास के कथानक की **तीन** विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए।

10 (क) गोमती ने दुर्गा से क्या वरदान माँगा ? 1

(ख) छोटी रानी ने रामदयाल को पहला आदेश क्या दिया ? 1

11 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

समुद्र में आता है तूफ़ान
तटवर्ती सारी बस्तियों को पोंछता
वापस लौट जाता है
और दूसरे ही दिन तट पर
फिर बस जाते हैं गाँव –
जब वृक्ष पर एक भी पत्ता नहीं होता
झड़ चुके होते हैं सारे पत्ते
तो सूर्य डूबते–डूबते
बहुत दूर से चीत्कार करता
पंख पटकता
लौटता है पक्षियों का एक दल

उसी ठूँठ वृक्ष के घोंसलों में क्यों ?
क्यों नहीं चले जाते ये कहीं और ?
मैं आज तक समझ नहीं पाया।

(क) समुद्री तूफ़ान का तट पर क्या प्रभाव पड़ता है ? 1

(ख) कवि क्यों पूछता है – 'क्यों नहीं चले जाते ये कहीं और ?' 1

(ग) दिन ढले पक्षियों का दल कहाँ लौटता है ? 1

(घ) ठूँठ वृक्षों पर भी घोंसले होना क्या संकेत देता है ? 1

(ङ) कवि आज तक क्या–क्या नहीं समझ पाया ? 1

12 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

अपराध और दंड को लेकर बहसें होती रहती हैं। कुछ तो मामूली–सी बात के लिए भी कड़े दंड के पक्षपाती होते हैं। उनका विश्वास है दंड कड़ा होगा तो अपराध कम होंगे। किंतु ऐसा होता कभी दिखाई नहीं दिया। पुणे की घटना लें । एक गणपति मंदिर से सारे गहने चोरी हो गए। हड़कंप मचा। तभी देखा एक रिक्शेवाला पोटली लेकर आया और बताया कि उसके बेटेने नशे में यह किया। वह उसे कमरे में बंद कर इसे लौटाने आया है। मंदिर के ट्रस्टियों ने उसे पुरस्कृत करना चाहा तो उसने कहा हम गरीब हैं, अपराधी नहीं। मेरा बेटा हुनरमंद है। बस, नशे ने बिगाड़ दिया है। आप उसकी मदद कर दें। वही मेरा पुरस्कार होगा। ट्रस्टियों ने उसका इलाज करवाया।

अजीब बात लगती है। यहाँ अपराधी का ध्यान रखा गया है। अपराध का होता तो अपराधी को सजा दिलाने में सब का ध्यान होता। मगर अपराधी पर ध्यान हो तो मानवीय पहलू उभरते हैं। सजा से अपराध न कम हुए हैं, न होंगे, क्योंकि अपराधी वृत्ति मानव व्यक्तित्व का छोटा–सा भाग है। उसके लिए पूरे व्यक्तित्व को निंदित करना गलत है। कानून में थोड़ी करुणा का पुट मिल जाए तो एक बड़ी समस्या हल हो सकती है।

(क) गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए। 1

(ख) कड़े दंड का पक्षपात लोग क्यों करते हैं ? 1

(ग) पुणे की किस घटना का उल्लेख है ? 1

(घ) रिक्शावाले ने क्या पुरस्कार चाहा ? 1

(ङ) इस घटना को 'अजीब बात' क्यों कहा गया है ? 1

(च) ट्रस्टियों ने चोर को पुलिस को न सौंपकर उसका इलाज क्यों करवाया ? 1

(छ) अपराध–अपराधी संबंधों में मानवीय पहलू कब उभरते हैं ? 1

(ज) सजा से अपराध कम क्यों नहीं होते ? 1

(झ) आशय स्पष्ट कीजिए – ''कानून में थोड़ी करुणा का पुट मिल जाए।'' 1

(ञ) वाक्य प्रयोग कीजिए – 'हड़कंप मच जाना'। 1

(ट) उपसर्ग और प्रत्यय अलग कीजिए : अपराध, हुनरमंद। 1

13 कोष्ठक में दिए गए निर्देशानुसार उत्तर दीजिए :

(क) पर्यावरण, लघूत्तर। (संधि विच्छेद कीजिए।) 1

(ख) अपन क्या कर सकते हैं ? (वाक्य शुद्ध कीजिए।) 1

(ग) प्रधानमंत्री ने शपथ दिलवाई है। (वाच्य परिवर्तन कीजिए।) 1

(घ) देश में आतंकवाद नहीं है। (प्रश्नार्थक में बदलिए।) 1

(ङ) आप आए तो बहार आई। (सरल वाक्य में बदलिए।) 1

14 निम्नलिखित में से किसी **एक** का भाव–पल्लवन कीजिए : 3

(क) मन के हारे हार है।

(ख) कौन है अपना कौन पराया।

15 'टिप्पण' की प्रक्रिया को सोदाहरण समझाइए। 3

**अथवा**

प्रारूपण की विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए।

16 निम्नलिखित अवतरण का सार लगभग **एक तिहाई** शब्दों में दीजिए और उपयुक्त शीर्षक भी दीजिए : 3+1=4

भारत–चीन संबंध कभी सहयोगी, कभी प्रतिस्पर्धी, कभी प्रतिद्वंद्वी और कभी शत्रुता के भाव से देखे–परखे जाते हैं। परिभाषा चाहे जो भी हो, सच यह है दोनों महान राष्ट्रों में परस्पर अविश्वास की दीवार है। यह अविश्वास संबंधों के निर्धारण में बड़ी रूकावट बनता है। अविश्वास ही है जिससे महत्वाकांक्षी और अपरिहार्य पहलें भी नहीं हो पातीं या अधूरी रह जाती हैं। अविश्वास का परहेज सर्वत्र है, चाहे सीमा विवाद हो आर्थिक समझौते हों, क्षेत्रीय मामले हों या वैश्विक रण नीतियाँ।

**अथवा**

उपर्युक्त अवतरण के आधार पर भारत–चीन संबंधों के बारे में **एक** रपट लिखिए।

17 विश्व की शीर्षस्थ किसी भी भारतीय खिलाड़ी की **दो** विशेषताएँ लिखिए। 2

18 निम्नलिखित आँकड़ों का प्रदर्शन उपयुक्त आरेख से कीजिए : **4**

| उपलब्धि | छात्र संख्या | लड़के | लड़कियाँ |
|---|---|---|---|
| 100% | 10 | - | 10 |
| 91% - 99% | 50 | 20 | 30 |
| 81% - 90% | 130 | 70 | 60 |
| 71% - 80% | 200 | 100 | 100 |
| 61% - 70% | 350 | 150 | 200 |

19 निदेशक, कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान, रामनगर, उत्तराखंड को पत्र लिखकर कार्केट पार्क के रखरखाव और पर्यटक सुविधाओं पर अपने विचार व्यक्त कीजिए । **4**

**अथवा**

पर्वतारोहण की विशेषताओं और चुनौतियों का उल्लेख करते हुए अपने प्रधानाचार्य को पत्र लिखकर आग्रह कीजिए कि इस वर्ष विद्यालय से दस छात्रों के एक दल को उत्तरकाशी स्थित पर्वतारोहण प्रशिक्षण संस्थान में ग्रीष्मकालीन शिविर में जाने की अनुमति प्रदान की जाए ।

20 निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग **300** शब्दों में निबन्ध लिखिए : **8**

(क) बढ़ती महँगाई की समस्या

(ख) मेरा भारत

(ग) सब पढ़ें – सब बढ़ें

(घ) लड़का–लड़की एक समान।

**खण्ड – 'ख'**

**(सूचना प्रौद्योगिकी और हिंदी)**

21 निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं **दो** के अर्थ स्पष्ट कीजिए : **1**

(क) ब्रेकिंग न्यूज

(ख) 24 × 7 चैनल

(ग) ऐंकर बाइट

22 (क) मुद्रित माध्यम किसे कहते हैं ? उदाहरण दीजिए। **2**

(ख) इंटरनेट की **दो** उपयोगिताएँ स्पष्ट कीजिए। **2**

23 आप किसी अग्निकांड के प्रत्यक्ष गवाह हैं। उसके बारे में एक छोटा-सा समाचार किसी समाचार पत्र में प्रकाशन के लिए लिखिए। 3

24 बदलते दौर में मीडिया की भूमिका **तीन** बिंदुओं में समझाइए। 3

25 (क) समाचार ऐजेंसियाँ क्या हैं ? उनके **दो** प्रकार्य लिखिए। 2

(ख) विज्ञापन की **दो** भूमिकाएँ लिखिए। 2

## खण्ड – 'ग'

## (विज्ञान की भाषा – हिंदी)

21 निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं **दो** को परिभाषित कीजिए : 1

(क) जीवाश्म

(ख) गर्भनिरोधक

(ग) एड्स

22 (क) 'प्राचीन भारत में आयुर्वेद' शीर्षक से एक टिप्पणी लिखिए। 2

(ख) इंटरनेट के **दो** लाभों को समझाइए। 2

23 ग्लोबल वार्मिंग क्या है ? उसके दुष्प्रभाव बताइए। 4

**अथवा**

भारत में जनसंख्या समस्या के समाधान के **चार** उपाय लिखिए।

24 वैज्ञानिक दृष्टि क्या है ? क्यों ज़रूरी है ? स्पष्ट कीजिए। 3

25 विज्ञान की भाषा और सामान्य भाषा के अंतर के **तीन** बिंदु समझाइए। 3

---